डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

आवश्यक सूचना

(स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020 हेतु ऑन–लाइन आवेदन की तिथि के विस्तारित किये जाने के संबंध में)

विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत सूचना संदर्भ संख्या सी.ओ.ई.–314 दिनांक 27.12.2019 के माध्यम से कार्यालय ज्ञाप संख्या सी.ओ.ई–302 दिनांक 21.12.2019 के क्रम में निर्दिष्ट शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन मिड सेमेस्टर टेस्ट/मौखिकी/प्रायोगिक परीक्षा तथा पूर्व में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुपस्थित एवं अनुत्तीर्ण विषयों/प्रश्न–पत्रों हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान करते हुए नियमानुसार संबंधित पात्र/अर्ह विद्यार्थियों की संगत परीक्षाओं को स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020 के अन्तर्गत सम्पन्न कराये जाने के लिये **विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन लाइन परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 26.12.2019 से दिनांक 11.01.2020 तक आमंत्रित किये गये थे।**

तत्क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार **स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2020 के आवेदन की तिथि को दिनांक 15.01.2020 तक विस्तारित करते हुए** आवेदकों से अपेक्षा की जाती है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत सूचना संदर्भ संख्या सी.ओ.ई.–314 दिनांक 27.12.2019 के द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशानुसार ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना सुनिश्चित करें।

यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने नहीं दिया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

शेष शर्ते एवं व्यवस्थायें पूर्ववत् रहेंगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक : COE331/पत्रा.सीओई–38/डीएसएमएनआरयू/परीक्षा समिति/2019–20 दिनांक 13.01.2020

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि अपने स्तर से भी विद्यार्थियों को निर्देशित/सूचित करने का कष्ट करें तथा संबंधित विद्यार्थियों के प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों को अग्रसारित करते हुए सूचीबद्ध विवरण सहित परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
7. सहायक कुलसचिव (शैक्षिक), विश्वविद्यालय।
8. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान के संबंधित प्राचार्य को (ई–मेल के माध्यम से) इस आशय के साथ कि वे अपने स्तर से भी संबंधित विद्यार्थियों को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) अग्रसारित करते हुए उसको सूचीबद्ध विवरण सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।
9. नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

13/01/2020

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक